DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE

PERIODIC ASSESSMENT- I, [2023-24]

- **Please Check that this question paper contains printed 02 pages.**
- **Check that this question paper contains 08 questions.**
- **Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.**

CLASS -VIII
SUB: LOWER HINDI

Time: 1hour 30mins **Maximum Marks: 40**

सामान्य निर्देश:-

1.इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं-क, ख, ग, घ ।

2.चार खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3. इस प्रश्न पत्र में 11 प्रश्न हैं ।

(खंड-क)

1.**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प से चुनिए**:- **(1×5=5)**

आज से करीब डेढ़ हजार साल से पहले चीन में बारूद का आविष्कार हुआ। फिर ईसा की ग्यारहवीं सदी में चीनियों ने राकेट भी बनाए। लगभग उसी समय भारत को भी बारूद की जानकारी मिली। भारत को यह जानकारी या तो चीनी मजदूरों से मिली या भारतीय बंदरगाहों में पहुँचनेवाले चीनी व्यापारियों के जरिए। आज भी आतिशबाजी के पटाखों का सबसे ज्यादा उत्पादन दक्षिण भारत में ही होता है। राकेटों का भी ज्यादा इस्तेमाल दक्षिण भारत के युद्धों में ही हुआ है। राकेटों के लिए लोहे के खोलों का इस्तेमाल संभवतः भारत की ही खोज है।

(i) बारूद का आविष्कार निम्नलिखित में से किस देश ने किया था?

(क) भारत (ख) चीन (ग) रूस (घ) जापान

(ii) भारत को बारूद की जानकारी कब मिली?

(क)दसवीं शताब्दी में (ख) तेरहवीं शताब्दी में (ग) बारहवीं शताब्दी में (घ) ग्यारहवीं शताब्दी में

(iii) भारतीयों को बारूद की जानकारी कैसे मिली?

(क) चीनी मजदूरों से (ख) चीनी व्यापारियों से (ग) चीनी वैज्ञानिकों से (घ) 'क' और 'ख' दोनों

(iv) भारत में आतिशबाजी के पटाखों का सर्वाधिक प्रयोग कहाँ होता है?

(क) पूर्वोत्तर भारत में (ख) दक्षिणी भारत में (ग) उत्तरी भारत में (घ) पूर्वी भारत में।

(v) राकेट के लिए लोहे के खोलों की खोज की संभावना किस देश के लिए प्रकट की जाती है?

(क) भारत (ख) चीन (ग) रूस (घ) मलेशिया

(खंड-ख)

2.(क) **दिए गए वाक्यों को 'ड़' या 'ढ़' वाले शब्दों से भरिए :-** **(1×2=2)**

(i) रंग का घोल काफ़ी ________ हो गया है ।

(ii) मेरे घर के पीछे आम का एक ______ पेड़ है।

(ख) **<u>नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए</u> :-** **(1×2=2)**

(i) एक माह में होने वाला (ii) जहाँ छात्र रहते हो

(ग) **<u>नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर बिंदु या चंद्रबिंदु लगाइए</u> :-** **(1)**

(i) करूगा (ii) प्रारभ

3.(क) **<u>नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए</u> :-** **(1×2=2)**

(i) आँख (ii) परीक्षा

(ख) **<u>नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए</u> :-** **(1)**

नम

(ग) **<u>नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए</u> :-** **(1×2=2)**

(i) घर (ii) पेड़

(खंड-ग)

4. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए</u> :- **(1×5=5)**

(क) होजा को बुलाने के लिए किसे भेजा गया ?

(ख) देश वल्लभ भाई को किस नाम से याद करता है ?

(ग) 'पेड़' कविता के कवि का नाम क्या है ?

(घ) वल्लभ भाई ने दसवीं की परीक्षा कहाँ से उत्तीर्ण की ?

(ङ) एक दिन बगदाद के सुलतान के दरबार में कौन आया?

5. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए</u> :- **(1×5=5)**

(क) शाम होने पर पक्षी क्या करते हैं?

(ख) "देखो किसी अज्ञात हितैषी ने मेरा इंग्लैंड जाने का टिकट भेजा है ।" यह वाक्य किसने ,किससे कहा?

(ग) हजारों बीज आँखें मींचकर क्या कर रहे हैं?

(घ) होजा ने चलते समय अपने साथ क्या-क्या सामान लिया ?

(ङ) वल्लभ भाई की मृत्यु कब हुई?

6. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए</u> :- **(2×3=6)**

(क) पाठ 'दिमागी लड़ाई' के आधार पर बताइए कि 'तख्त के चारों ओर घेरा लगाना' का अर्थ क्या है?

(ख) वल्लभ भाई स्वतंत्रता संग्राम से किस प्रकार जुड़े ?

(ग) कठिन परिस्थिति में समझदारी और बुद्धिमानी से काम लेना चाहिए, क्यों ?

7. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तृत में लिखिए</u> :- **(4×1=4)**

सरदार पटेल ने अहमदाबाद की सभा में क्या कहा?

(खंड-घ)

8. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **(5×1=5)**

(क) वृक्षों का महत्व (ख) जीवन में योग का महत्व

****